**कार्यक्रम** जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया मध्यप्रदेश का स्थापना दिवस, कार्यक्रम में छात्राओं ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति, उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को किया सम्मानित

# शिक्षा, स्वास्थ्य, संचार जैसी सभी दिशाओं में समावेशी विकास की जरूरत





**नवभारत, कटनी।** मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर बस स्टैंड स्थित ऑडिटोरियम में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्थापना दिवस समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित और माल्यार्पण कर किया गया। जिसके बाद मंचासीन अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश की स्थापना के बाद उद्योग, कृषि, रोजगार, शिक्षा, चिकित्सा, खेलकूद, आवागमन सहित अन्य क्षेत्रों में प्रदेश में लगातार विकास हो रहा है। वहीं हर जरूरतमंद को शासकीय योजनाओं का लाभ भी मिल रहा है। जिसे हम लगातार देख रहे हैं और महसूस भी कर रहे हैं। वर्ष 2003 के बाद प्रत्येक क्षेत्र में विकास कार्यों का सिलसिला अनवरत जारी है। आज मेट्रो ट्रेन, सांदीपनी स्कूल अच्छी सड़कें देखकर हमें खुशी महसूस होती है कि हमें सुरक्षा और बच्चों के भविष्य को लेकर चिंता नहीं करनी पड़ रही। मध्य प्रदेश को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने के लिए सभी को अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन कर इस दिशा में प्रयास प्रयास करने होंगे। विधायक ने स्थापना दिवस में सहभागिता करने वाले सभी छात्र-छात्राओं का मनोबल बढ़ाने के लिए स्वेच्छानुदान निधि से प्रत्येक को पांच-पांच हजार रूपए देने की घोषणा भी की। समारोह में महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने कहा कि मध्य प्रदेश राज्य के गठन के बाद हमने विकास, प्रगति और लोककल्याण की एक लंबी यात्रा तय की है। मध्य प्रदेश की धरती में विविधता में एकता बसती है। हमारी परंपराए जितनी प्राचीन हैं, उतनी ही आधुनिक सोच के साथ यह प्रदेश आगे बढ़ रहा है। महापौर ने हर नागरिक को बेहतर सुविधाएं, स्वच्छ वातावरण और बेहतर विकास के लिए नगर और प्रदेश के उत्थान के लिए सभी को मिलकर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने की बात कहते हुए प्रदेश को अग्रणी राज्यों में पहुंचाने की बात कही।

समारोह में कलेक्टर आशीष तिवारी ने स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मध्यप्रदेश की स्थापना के बाद सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ-साथ मध्यप्रदेश ने हर क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित किया है। कलेक्टर ने कहा कि कटनी माइनिंग के क्षेत्र में उभर कर आया है। उन्होंने कहा विजन 2047 के लिए न सिर्फ खनन, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, संचार जैसी सभी दिशाओं में समावेशी विकास की जरूरत है। बच्चें पढ़ेंगे तो ही आगे बढ़ेंगे और विकास में योगदान दे सकेंगे। इसके लिए सभी शिक्षक, डॉक्टर, इंजीनियर, व्यापारी सहित अन्य कार्यों से जुड़े लोगों को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। तभी प्रदेश के विकास में सकारात्मक वृद्धि होगी। कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता मेहरा और जिलाध्यक्ष भाजपा दीपक टंडन सोनी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के अगले चरण में नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार द्वारा स्वागत भाषण के माध्यम से सभी को 70वें मध्य प्रदेश स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए आपसी सहयोग और समन्वय से प्रदेश को नित नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने की बात कही।

जिसके बाद कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। स्थापना दिवस पर शासकीय कन्या महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत राई नृत्य ने लोगों का मन मोह लिया। गणेश, वंदना, करमा नृत्य और आरंभ है प्रचंड के साथ-साथ बालविवाह की रोकथाम के लिए प्रस्तुत लघु नाटिका को लोगों से खूब वाह-वाही मिली। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया। बस स्टैंड ऑडिटोरियम परिसर में लगी स्व-सहायता समूहों के स्वदेशी उत्पादों, एक जिला एक उत्पाद, कटनी सैंड स्टोन की मूर्तियां लोगों के आकर्षण का केन्द्र रही। कार्यक्रम के दौरान डिप्टी कलेक्टर प्रदीप कुमार मिश्रा, एसडीएम प्रमोद चतुर्वेदी, पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव, एमआईसी सदस्य बीना संजू बैनर्जी, डॉ रमेश सोनी, सुभाष सोनी, गोविंद चावला, सुरेंद्र गुप्ता, सुखदेव चौधरी, अंकिता तिवारी, लोकनाथ गौतम, सत्यनारायण अग्रहरी, सुनील उपाध्याय, आशीष गुप्ता, सुरेश सोनी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### किसान 9 नवंबर तक करा सकते हैं पंजीयन

**नवभारत, कटनी।** रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना अंतर्गत समर्थन मूल्य पर कटनी जिले के इतिहास में किसानों से पहली बार कोदो-कुटकी के उपार्जन के लिए हो रहे पंजीयन और सत्यापन की अंतिम तिथि में वृद्धि की गई है। किसान अब 9 नवंबर तक पंजीयन करा सकेंगे। जबकि कृषक सत्यापन 15 नवंबर तक होगा। पूर्व में पंजीयन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर थी। कलेक्टर आशीष तिवारी ने किसानों से अंतिम तिथि के पूर्व अपना पंजीयन अवश्य कराने के लिए कहा है। किसानों की सुविधा और सहूलियत के मद्देनजर कोदो-कुटकी की खरीदी के लिए जिले में 11 पंजीयन केन्द्र बनाए हैं। इनमें बी पैक्स सहकारी समिति मर्यादित विजयराघवगढ, सिनगौड़ी, रीठी, बकलेहटा, पिपरियाकला, बड़वारा, विलायतकला, झिन्नापिपरिया, सिलौड़ी, स्लीमनाबाद और विपणन सहकारी समिति कटनी का निर्धारण किया गया है। इन केन्द्रों पर किसानों द्वारा पंजीयन कराया जा सकता है और शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त किया जा सकता है। जिले में करीब 2 हजार 836 हेक्टेयर से अधिक भू-क्षेत्र में कोदो -कुटकी की खेती की जाती है। जिले का विजयराघवगढ़ क्षेत्र कोदो-कुटकी के उत्पादन में अग्रणी है। यहां के अलावा बड़वारा, ढीमरखेड़ा और रीठी क्षेत्र में भी कोदो -कुटकी की बढ़-चढ़ कर खेती की जाती है। श्रीअन्न उत्पादक जिले के कृषकों से श्रीअन्न कंसोर्टियम ऑफ फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा कोदो-कुटकी का उपार्जन किया जाएगा। खरीफ- 2025 में उत्पादित श्रीअन्न कुटकी 3500 रूपए प्रति क्विंटल और कोदो 2500 रुपए प्रति क्विंटल के मान से उपार्जन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त कृषको को प्रोत्साहन राशि के रूप में 1000 रुपए प्रति क्विंटल के मान से संबंधित कृषकों के खातों में डीबीटी के माध्यम से भेजी जाएगी। किसानों को समर्थन मूल्य कोदो कुटकी बेचने के लिए पंजीयन कराने के लिए कहा जा रहा है, इसी वजह से पंजीयन की तिथि भी बढ़ा दी गई है ताकि किसान पंजीयन करा सकें।

## शराब पीकर उत्पात मचाने वाले को पुलिस ने पकड़ा

▶ ग्रामीणों की शिकायत के बाद पुलिस ने की कार्रवाई



**नवभारत, बहोरीबंद।** बहोरीबंद थाना क्षेत्र में शराब का अवैध कारोबार किए जाने की शिकायत के बाद से पुलिस टीम द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने क्षेत्र में शराब अवैध कारोबारियों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया है। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया और स्लीमनाबाद एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में बहोरीबंद थाना प्रभारी अखिलेश दाहिया द्वारा लगातार धर-पकड़ कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने बताया कि ग्राम लालपुर से ग्राम वासियों द्वारा शिकायत की गई थी कि गांव के रामचंद्र ठाकुर द्वारा शराब विक्रय और आए दिन शराब पीकर उत्पात मचाया जाता है, लोगों से गाली-गलौज करता है। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। कार्रवाई में बहोरीबंद थाना प्रभारी अखलेश दहिया, प्रधान आरक्षक रमेश सिंह, आरक्षक कोमल, आरक्षक दीपक सिंह की भूमिका रही। पुलिस का कहना है कि अपराध करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## यातायात नियमों की अनदेखी कर चलाई जा रही 108 एंबुलेंस

▶ लोगों की सुरक्षा से खिलवाड़, वाहनों की जांच की मांग




**नवभारत, बाकल।** शासन द्वारा प्रदेशभर में गर्भवती महिलाओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नि:शुल्क जननी एक्सप्रेस 108 वाहन सेवा संचालित की जा रही है। यह सेवा गर्भवती महिलाओं को समय पर अस्पताल पहुंचाने में अहम भूमिका निभा रही है। लेकिन जब यही वाहन नियमों की अनदेखी करने लगे, तो सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठना स्वाभाविक है। जानकारी के अनुसार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बाकल में संलग्न एक जननी एक्सप्रेस वाहन यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए देखा गया है। उक्त वाहन की नंबर प्लेट पर एमए 55 आरयू 0158 अंकित है, जो कि सामान्य वाहन क्रमांक प्रणाली से पूरी तरह भिन्न है। नंबर की यह शैली न सिर्फ संदेह पैदा करती है, बल्कि यह पता लगाना भी मुश्किल हो जाता है कि वाहन किस राज्य या जिले में पंजीकृत है। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि यह जननी एक्सप्रेस वाहन कई महीनों से क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं को बहोरीबंद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और जिला अस्पताल तक ले जाने का कार्य कर रहा है। लेकिन वाहन की तकनीकी स्थिति बेहद खराब बताई जा रही है।

ग्रामीणों के अनुसार, वाहन सेल्फ स्टार्ट नहीं है, बल्कि हर बार धक्का लगाकर स्टार्ट करना पड़ता है। ऐसी स्थिति में आपातकालीन प्रसव या गंभीर मरीज को समय पर अस्पताल पहुंचाना कठिन हो जाता है। परिवहन विभाग द्वारा सभी दोपहिया, तिपहिया और चारपहिया वाहनों के लिए हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाना अनिवार्य किया गया है। लेकिन शासकीय कार्य में लगे वाहन ही नियमों की अनदेखी करते नज़र आ रहे हैं।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बाकल में अटैच जननी एक्सप्रेस वाहन में नंबर तो संदिग्ध है ही, साथ ही हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट पूरी तरह गायब है। उसकी जगह रेडियम शीट पर हाथ से नंबर लिखा गया है, जो सुरक्षा मानकों के विपरीत और संदिग्ध प्रतीत होता है ग्रामीणों ने अमानक नंबर प्लेट और वाहन की खराब स्थिति को लेकर परिवहन और स्वास्थ्य विभाग से तत्काल जांच की मांग की है। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि यह मामला सीधे महिलाओं की सुरक्षा और जनहित योजना की विश्वसनीयता से जुड़ा है, इसलिए इसे गंभीरता से लिया जाना चाहिए।

## शॉल-श्रीफल से सम्मान कर दी गई सेवानिवृत्त पुलिस कर्मी को विदाई

▶ पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त होने पर किया गया सम्मान



**नवभारत, उमरियापान।** जिले के मरियापान क्षेत्र के पचपेड़ी निवासी अश्वनी मिश्रा का सेंट्रल जेल डिंडोरी में गरिमामय वातावरण में सेवानिवृत्त होने पर विदाई और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों ने सेवानिवृत्त अश्वनी मिश्रा को फूल माला पहनाकर शाल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया।

अश्वनी मिश्रा ने जेल पुलिस सेवा में अपनी 35 वर्ष की सेवाकाल में निष्ठा, ईमानदारी और कर्तव्यपरायणता के साथ कार्य किया है।

पुलिस अधिकारियों ने अश्वनी मिश्रा के उज्जवल भविष्य और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की है। इस अवसर पर सेंट्रल जेल के अधिकारी और पुलिस स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम के दौरान सभी अधिकारियों ने सेवानिवृत्त अश्वनी मिश्रा के साथ अपने अनुभव साझा किए और उनके मृदुभाषी स्वभाव, अनुशासनप्रियता और उत्कृष्ट कार्यशैली की प्रशंसा की। अधिकारियों ने उन्हें उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए याद किया जाएगा। विदाई समारोह में श्रीमती ममता मिश्रा, आशीष मिश्रा, काजल मिश्रा, आशीष परौहा, राममिलन गुड्डू मिश्रा सहित परिवार सदस्य उपस्थित रहे।

## समाज को दिया धर्म और प्रेम एकता का संदेश

▶ भारत नगर में शिव धाम सेवा न्यास का किया गया भूमिपूजन



**नवभारत, उमरियापान।** सिलौंडी वार्ड नंबर 5 भारत नगर की पंच अंजू देवी संतोष वंशकार ने अपने पूरे समाज में धर्म, प्रेम एकता का संदेश करते हुए भारत नगर में शिव धाम सेवा न्यास में भगवान शंकर की प्रतिमा और मंदिर निर्माण का संकल्प लिया। जिसके भूमिपूजन के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री उमेश मिश्रा, समाजसेवी सेवी राजेश व्यौहार, समाज सेवी ब्रजेश पटेल, लखन साहू, विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष, सांसद प्रतिनिधि पद्मेश गौतम, सिलौंडी सरपंच पंचों संतोष कुमार, उपसरपंच राहुल राय, सौरभ मिश्रा, रमेश राय, एडवोकेट प्रशांत राय की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम में सभी ने मिलकर प्रतिमा और मंदिर निर्माण स्थल पर पुरोहित संयोग शास्त्री, राजा मिश्रा ने विधि विधान से पूजन अर्चन कराया। सभी अतिथियों ने वंशकार समाज के शिव शंकर भगवान की प्रतिमा और मंदिर निर्माण के कार्य की सराहना करते हुए सहयोग का वादा किया। कार्यक्रम में योगेश राय, राहुल दहिया, दीपक मिश्रा, पंच राजा राय, प्रमोद काछी, फूला बाई, रोशनी कोल, महंत वंशकार सहित अन्य की उपस्थिति रही।

## अकादमी के डायरेक्टर का सीएम ने किया सम्मान

▶ उत्कृष्ट कार्य करने पर किया गया सम्मान



**नवभारत, ढीमरखेड़ा।** जबलपुर जिले में गौतम आईएएस अकादमी के डायरेक्टर सिद्धार्थ गौतम को गत दिवस मुख्यमंत्री मोहन यादव ने उत्कृष्ट कार्य को लेकर सम्मानित किया। यह सम्मान गरीब बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा देने पर किय गया है। गौरतलब है कि गौतम आईएएस अकादमी के डायरेक्टर सिद्धार्थ गौतम मूल रूप से ढीमरखेड़ा तहसील क्षेत्र का तिलमन गांव के निवासी है। मातृभूमि से लगाव होने के कारण तहसील क्षेत्र के गरीब बच्चों को निशुल्क शिक्षा देने का कार्य पिछले कई वर्षों से कर रहे हैं। 10वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम आने के बाद बच्चों को भविष्य में क्या पढ़ाई करनी चाहिए, कैसे करनी चाहिए उसके संबंध में गांव- गांव जाकर समझाइश दी जाती है। प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए छात्रों को तैयार कियाजाता है। उनकी कोचिंग से क्षेत्र से काफी संख्या में लोग सरकारी नौकरियों में पहुंचे हैं। क्षेत्र के छात्रों निशुल्क कोचिंग देने और उत्कृष्ट कार्य करने पर मुख्यमंत्री द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया है।

## सरकारी स्कूल पहुंची पुलिस टीम, छात्रों को पढ़ाया जागरूकता का पाठ

▶ स्कूलों में आयोजित किए गए जागरूकता कार्यक्रम



**नवभारत, कटनी।** मुस्कान विशेष अभियान के तहत स्लीमनाबाद पुलिस व्दारा पीएमश्री शासकीय हाई स्कूल सलैया फाटक, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्लीमनाबाद में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इस अभियान का उद्देश्य गुमशुदा नाबालिग बालिकाओं की अधिक से अधिक दस्तयाबी सुनिश्चित करना और विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को महिला सुरक्षा, बाल विवाह, पॉक्सो एक्ट, सायबर अपराध और सामाजिक दुष्प्रवृत्तियों से बचाव के लिए जागरूक करना है। कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया और स्लीमनाबाद एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी की उपस्थिति में आयोजित किए गए। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को गुड टच - बैड टच की जानकारी दी गई।

कोमल शॉर्ट फिल्म के माध्यम से सुरक्षा संबंधी व्यवहारिक जानकारी दी गई। साथ ही बाल विवाह, पॉक्सो अधिनियम, सायबर अपराध, सोशल मीडिया पर अनुचित सामग्री साझा करने के दुष्परिणाम और संबंधित कानूनी प्रावधानों के संबंध में बताया गया।

कार्यक्रम में एसडीओपी स्लीमनाबाद आकांक्षा चतुर्वेदी ने बालिकाओं को किसी भी प्रकार की समस्या या शोषण की स्थिति में डायल-112, महिला हेल्पलाइन 1090 और बाल सहायता हेल्पलाइन 1098 पर तत्काल संपर्क करने की जानकारी दी।

अभियान के अंतर्गत जिले के सभी स्कूलों और कॉलेजों में प्रतिदिन ऐसे ही कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि छात्र-छात्राएं जागरूक रहें।

**बैठक** सहकारी समितियों के माध्यम से उर्वरक वितरण कार्य की कलेक्टर ने की समीक्षा, दिए निर्देश

## किसानों को आवश्यकता अनुसार उपलब्ध कराएं खाद, कालाबाजारी पर कराएं एफआईआर



**नवभारत, कटनी।** जिले की सभी बहुउद्देश्यीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियां किसान हितैषी बनें। रासायनिक उर्वरक के भंडारण और वितरण की बेहतर व्यवस्था बनाए, जिससे किसानों को खाद प्राप्त करने में किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हो। समितियां समय पर कार्यादेश और डिमांड ड्राफ्ट जेनरेट करें, ताकि समितियों में उर्वरक की सुगम आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। कलेक्टर आशीष तिवारी ने यह निर्देश शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में उर्वरक वितरण व्यवस्था के संबंध में आयोजित सहकारी समितियों की बैठक में दिए। कलेक्टर ने कहा कि समितियां खाद प्राप्त होने पर तत्काल रिलीव ऑर्डर और डिमांड ड्राफ्ट ऑनलाईन जिला विपणन अधिकारी को प्रेषित करें। ई-एक्नॉलेजमेंट प्राप्त होने पर पीओएस मशीन में तत्काल प्रविष्टि करें। किसानों को वितरित उर्वरक की मात्रा से संबंधित अंगूठा निगरानी पीओएस मशीन में तत्काल दर्ज होनी चाहिए। बैठक में यह जानकारी प्राप्त होने पर कि उमरियापान समिति द्वारा समय पर आरओ व डीडी नहीं जारी हो रही है। इस पर कलेक्टर ने सहकारिता, कृषि व जिला विपणन अधिकारी को संयुक्त भ्रमण कर निरीक्षण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने समितियों के प्रबंधकों को दो-टूक लहजे में ताकीद किया कि कोई भी पात्र कृषक खाद लेने से वंचित नहीं रहे। उर्वरकों की कालाबाजारी, अवैध भंडारण, अवैध परिवहन नहीं हो यह सुनिश्चित करें। इस प्रकार के कृत्यों में लिप्त पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि वे स्वयं अपने भ्रमण के दौरान समितियों में उर्वरकों के स्टॉक की उपलब्धता और पीओएस मशीन के आंकड़ों का सत्यापन करेंगे। सभी एसडीएम, तहसीलदार भी निरीक्षण कर समितियों में उपलब्ध उर्वरक स्टॉक का औचक निरीक्षण करें। समितियां यह सुनिश्चित करें कि उर्वरक के लिए किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होने उपसंचालक कृषि, सहायक आयुक्त सहकारिता और जिला विपणन अधिकारी को निर्देशित किया कि वे नियमित तौर पर समितियों में खाद की उपलब्धता और वितरण की स्थिति की जानकारी व्यक्तिगत तौर पर उन्हें देना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि समितियां रिलीज ऑर्डर और डिमांड ड्राफ्ट जल्दी भेंजे और स्टॉक में उपलब्ध उर्वरक का शत-प्रतिशत वितरण करें। ताकि समितियों को आवश्यकतानुसार और उर्वरक उपलब्ध कराई जा सके। कलेक्टर ने कहा कि डबल लॉक केन्द्र से भी नजदीकी समितियों को उर्वरक प्रदाय किया जाए। कलेक्टर ने कोदो-कुटकी के समर्थन मूल्य पर उपार्जन के लिए अधिक से अधिक किसानों का पंजीयन कराने के निर्देश दिए।

### श्री गहोई वैश्य वरिष्ठ संघ का दीपोत्सव मिलन आज

**कटनी।** गहोई वैश्य वरिष्ठ संघ कटनी द्वारा सांस्कृतिक समृद्धि का प्रतीक प्रकाश पर्व के अवसर पर भव्य दीपोत्सव स्वजन मिलन समारोह का आयोजन आज 2 नवम्बर को सायं 4 बजे से रात्रि 9 बजे तक श्री गहोई वैश्य पंचायती सत्संग भवन, कटनी में संपन्न होगा।

**आम सूचना**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि मे. पायल एग्रो कटनी म.प्र. प्रोपा. श्रीमति विमला पायल पत्नि श्री रामरतन पायल के द्वारा बैंक ऑफ बडौदा की शाखा लमतरा जिला कटनी म.प्र. से ऋण प्राप्त किया है जिस परिपेक्ष्य में भूमि स्थित ग्राम खडौला नं.बं. 411 प.ह.नं. 32/49 रा.नि. मंडल मुडवारा तहसील कटनी जिला कटनी म.प्र. के खसरा नंबर 140/3, 140/4, 140/6 रकवा 0.510 हेक्टेयर भूमि जिसके उत्तर दिशा में विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिण में क्रेता की भूमि, पूरब में शासकीय भूमि, पश्चिम में मिजार्पुर रोड है, उक्त वर्णित संपत्ति को बैंक ऑफ बडौदा के पक्ष में बंधक किया गया है।

बैंक की आंतरिक प्रक्रिया के तहत उक्त सूचना पत्र के माध्यम से आम जनता, समस्त बैंकिंग व वित्तीय संस्थानो, शासकीय संस्थाओं को सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त संपत्ति के संबंध में किसी भी प्रकार का हित स्वत्व अथवा दावा आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन दिवस से सात दिन के अंदर बैंक ऑफ बडौदा की शाखा लमतरा जिला कटनी म.प्र. में अथवा मेरे कार्यालय में अवगत करावें अवधि उपरांत कोई भी आपत्ति स्वमेव निराधार व अमान्य होगी।

कटनी
दिनांक :- 01/11/2025

शशि कान्त पाण्डेय
एडवोकेट
जिला एवं सत्र न्यायालय कटनी

वास्ते पक्षकार बैंक ऑफ बडौदा - शाखा लमतरा जिला कटनी म.प्र. मो.नं. 9826575886,7974554967
advshashikantp@gmail.com

धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED



डॉ. राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन

दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्रालशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।

सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, नि:संतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।



डॉ. हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी)
सोनोग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ

आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का नि:शुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक
पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024